(41)

(5)

न्यायालय उपजिलाधिकारी नवाबगंज बाराबंकी।

अन्तर्गत धारा 143 ज0वि0अधि0
ग्राम बघौरा, परगना प्रतापगंज,
तहसील नवाबगंज, बाराबंकी।

वाद संख्या : 113 /10–11

सरकार

बनाम

प्रशान्त वर्मा

नकल आदेश दिनांक 06/07/11 ह0

श्री प्रशान्त वर्मा, प्रबन्धक राम सजीवन सावित्री देवी महाविद्यालय, बरियारपुर, मजरे
बघौरा, परगना प्रतापगंज, तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी की ओर से एक प्रार्थना–पत्र
अन्तर्गत धारा 143 ज0वि0अधि0 दिया गया, जिसमें कहा गया कि प्रार्थी गाटा संख्या 1269
रकबा 0.352हे0, 1270ख रकबा 0.184 हे0, 1271 रकबा 0.295हे0, 1270क रकबा 0.065 हे0,
1270 रकबा 0.093हे0, 1275 रकबा 0.175हे0 व 1276 रकबा 0.095 हे0 स्थित ग्राम बघौरा
परगना प्रतापगंज, तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी की संक्रमणीय भूमिधर है। उक्त भूमि
गांव से सटी हुई है। उक्त भूमि के इर्द गिर्द की भूमि वाणिज्यिक प्रयोग में लाई जा रही है
नम्बरान में कृषि कार्य नहीं होता है। उक्त गाटाओं में मौके पर राम सजीवन सावित्री देवी
महाविद्यालय बरियारपुर मजरे बघौरा में निर्माण कराना है। अन्त में उक्त भूमि को अकृषित
घोषित करने का अनुरोध किया है।

इस प्रार्थना–पत्र की जांच तहसीलदार नवाबगंज से करायी गयी। तहसील की
आख्या में कहा गया है कि विवादित भूमि मौके पर खाली पड़ी है। विद्यालय का निर्माण कार्य
चल रहा है। कोई कृषि, बागवानी,कुक्कुट पालन, मत्स्य पालन आदि गतिविधियां नहीं चल
रही हैं।

मैंने तहसील की आख्या एवं पत्रावली पर उपलब्ध खतौनी, आकार पत्र नियम–135
[illegible] समस्त अभिलेखों का सम्यक परिशीलन किया। आकार पत्र नियम–135 के विशेष
[illegible] उक्त गाटे मौके पर अकृषिक पड़े हैं। विद्यालय चलाने के लिए निर्माण कार्य प्रारम्भ
है। उपरोक्त भूमि पर कृषि कार्य नहीं किया जा रहा है, अंकित है तथा उक्त भूमि पर कृषि
बागवानी, मत्स्य पालन, कुक्कुट पालन आदि का कार्य नहीं किया जाता है। अतएव इसे
अकृषिक भूमि घोषित किया जा सकता है।

अतः ग्राम बघौरा, परगना प्रतापगंज, तहसील नवाबगंज, जनपद बाराबंकी की खतौनी
1414 ता 1419फ0 के खाता संख्या 58 की गाटा संख्या 1271 रकबा 0.295हे0, खाता
संख्या–22 की गाटा संख्या 1270क रकबा 0.065 हे0, खाता संख्या–313 की गाटा
संख्या–1277 रकबा 0.093हे0, खाता संख्या–321 की गाटा संख्या 1270ख रकबा 0.184 हे0
खाता संख्या–422 के गाटा संख्या–1275 रकबा 0.179हे0, 1276 रकबा 0.095हे0, खाता
संख्या–590 की गाटा संख्या 1269 रकबा 0.352 हे0 कुल रकबा 1.263 हे0 स्थित ग्राम
बघौरा, परगना प्रतापगंज, तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी को अकृषिक प्रयोजन में प्रयुक्त
भूमि घोषित किया जाता है। तहसीलदार, नवाबगंज की जांच आख्या आदेश का अंग रहेगी
आदेश की एक प्रति उप निबन्धक नवाबगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजी
जाय। बाद अमलदरामद पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

दिनांक : 06 जुलाई, 2011

TRUE COPY

(अनिल कुमार सिंह)
उपजिलाधिकारी नवाबगंज
[illegible]

रामसजीवन सावित्री देवी महाविद्यालय
डिपार्टमेन्ट ऑफ ...
...पुर, नवाबगंज, बाराबंकी

Scanned by CamScanner